**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्याः *314**

**उत्तर देने की तारीखः 17.12.2024**

**बीपीएल परिवारों के लिए छात्रवृत्ति**

***314. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः**

**श्री ज्ञानेश्वर पाटीलः**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दादरा और नागर हवेली तथा मध्य प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वाले परिवारों के व्यक्तियों को प्रदान की गई छात्रवृतियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान दादरा और नागर हवेली तथा मध्य प्रदेश में उक्त योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति के लाभार्थी योजनावार और जिलावार कितने हैं; और

(ग) दादरा और नागर हवेली तथा मध्य प्रदेश सहित देश में उक्त योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री**

**(डॉ. वीरेन्द्र कुमार)**

**(क) से (ग):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**''बीपीएल परिवारों के लिए छात्रवृत्ति'' के संबंध में श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर और श्री ज्ञानेश्वर पाटील द्वारा दिनांक 17.12.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 314 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में उल्लिखित विवरण**

**(क):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग का अधिदेश अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, मद्यपान तथा नशीले पदार्थों के सेवन के पीड़ितों, सफाई कर्मियों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, भिखारियों, विमुक्त तथा घुमंतू जनजातियों, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों सहित समाज के सामाजिक, शैक्षिक तथा आर्थिक रूप से लाभवंचित लोगों के सबसे गरीब परिवारों के कल्याण का ध्यान रखना है।

इस विभाग द्वारा विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी के लिए कोई स्कीम कार्यान्वित नहीं की जा रही है। तथापि, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, अनुसूचित जातियों तथा अन्य के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति, यंग अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (श्रेयस-एससी), अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से पिछडे वर्गों तथा विमुक्त जनजातियों के छात्रों के लिए वाइब्रेंट इंडिया हेतु पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड स्कीम (पीएम-यशस्वी), यंग अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (श्रेयस-बीसी) कार्यान्वित कर रहा है, जिनके अंतर्गत छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

**(ख):** अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना को छोड़कर उपर्युक्त योजनाओं के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र मध्य प्रदेश और दादरा और नागर हवेली एवं दमन और दीव में लाभार्थियों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा नहीं रखा जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश और दादरा और नागर हवेली एवं दमन और दीव राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में लाभार्थियों की संख्या का योजना-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ग):** मध्य प्रदेश और दादरा और नागर हवेली एवं दमन और दीव राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सहित देश में उपर्युक्त योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(i) दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव और मध्य प्रदेश सहित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर शामिल राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए नियमित रूप से हैंडहोल्डिंग बैठकें/कार्यशालाएं;

(ii) अधिकतम कवरेज के लिए दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव और मध्य प्रदेश सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख समाचारों पत्रों के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं में हिन्दी और अंग्रेजी में विज्ञापनों का प्रकाशन;

(iii) अधिक पारदर्शिता, दोहराव तथा संस्थानों द्वारा गलत दावों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए शुरू से अंत तक ऑनलाइन प्रक्रिया, ऑनलाइन लेन-देन के माध्यम से पात्रता दस्तावेजों का सत्यापन; तथा

(iv) प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से छात्रों के आधार-आधारित बैंक खातों में केन्द्रीय हिस्सेदारी सीधा जारी की जा रही है।

(v) स्कीमों के सफल कार्यान्वयन के लिए सरकार कई कदम उठाती है जैसे विभाग द्वारा अनिवार्य वार्षिक निरीक्षण, उपयोगिता प्रमाण-पत्र की अनिवार्य प्रस्तुति तथा राष्ट्रीय, राज्य स्तरों पर बैठकों के आयोजन के माध्यम से आवधिक समीक्षा तथा फील्ड दौरे। इस विभाग से निधियां प्राप्त करने वाले सभी संस्थानों के कार्यकरण की नियमित निगरानी के लिए विभाग में परियोजना निगरानी इकाई की भी स्थापना की गई है। यह विभाग तृतीय पक्ष मूल्यांकन अध्ययनों के माध्यम से स्कीमों के कार्यान्वयन की आवधिक समीक्षा भी करता है। अध्ययनों से पता चला है कि ये स्कीमें वांछित उद्देश्य प्राप्त कर रही हैं तथा इन अध्ययनों ने स्कीमों को जारी रखने की सिफारिश की है।

**अनुबंध**

दिनांक 17.12.2024 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 314 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध

**i. अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना**

| राज्य का नाम | जिले का नाम | वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान लाभार्थियों की संख्या | वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लाभार्थियों की संख्या | वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | आगरमालवा | 3857 | 2741 | 2642 |
| | अलीराजपुर | 665 | 585 | 512 |
| | अनुपपुर | 3136 | 2876 | 2671 |
| | अशोकनगर | 6817 | 5653 | 4977 |
| | बालाघाट | 8039 | 6684 | 5718 |
| | बड़वानी | 2331 | 2066 | 1714 |
| | बेतुल | 10243 | 8386 | 7185 |
| | भिंड | 14137 | 11169 | 9247 |
| | भोपाल | 18755 | 10661 | 8488 |
| | बुरहानपुर | 2109 | 1800 | 1569 |
| | छतरपुर | 20050 | 17138 | 16238 |
| | छिंदवाड़ा | 15238 | 12714 | 10290 |
| | दमोह | 11221 | 8834 | 7062 |
| | दतिया | 8444 | 7105 | 6404 |
| | देवास | 14019 | 10722 | 9012 |
| | धार | 6115 | 5312 | 4424 |
| | डिंडोरी | 2307 | 2404 | 2203 |
| | गुना | 7992 | 5918 | 4702 |
| | ग्वालियर | 18704 | 15877 | 13710 |
| | हरदा | 5461 | 4717 | 4103 |
| | होशंगाबाद | 11079 | 9302 | 7584 |
| | इंदौर | 24554 | 17624 | 15119 |
| | जबलपुर | 11479 | 9263 | 8179 |
| | झाबुआ | 679 | 705 | 590 |
| | कटनी | 5328 | 4153 | 3847 |
| | खंडवा (पूर्वी निमाड़) | 6063 | 5660 | 4984 |
| | खरगोन | 8618 | 7317 | 6381 |
| | मंडला | 2715 | 2475 | 2174 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मन्दसौर | 8349 | 6843 | 6368 |
| | मुरैना | 14316 | 12085 | 9684 |
| | नरसिंहपुर | 9021 | 8441 | 7671 |
| | नीमच | 4506 | 3368 | 3159 |
| | निवाड़ी | 2253 | 120 | 62 |
| | पन्ना | 9530 | 8330 | 7571 |
| | रायसेन | 9285 | 8084 | 6797 |
| | राजगढ़ | 11226 | 8961 | 7560 |
| | रतलाम | 6143 | 4543 | 4141 |
| | रीवा | 15231 | 13366 | 11365 |
| | सागर | 23012 | 17927 | 14319 |
| | सतना | 22030 | 18391 | 15535 |
| | सीहोर | 15860 | 12877 | 11530 |
| | सिवनी | 7928 | 6922 | 6070 |
| | शाहडोल | 4160 | 3508 | 3135 |
| | शाजापुर | 11108 | 7936 | 6822 |
| | श्योपुर | 3447 | 3171 | 2664 |
| | शिवपुरी | 11488 | 9574 | 7801 |
| | सीद्धी | 4900 | 4427 | 4052 |
| | सिंगरौली | 4051 | 3261 | 2876 |
| | टीकमगढ़ | 15559 | 13516 | 10849 |
| | उज्जैन | 16936 | 12785 | 11376 |
| | उमरिया | 2727 | 2302 | 1899 |
| | विदिशा | 13357 | 10788 | 9467 |
| दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव | दादरा और नागर हवेली | 49 | संघ राज्य क्षेत्रों ने कोई डाटा साझा नहीं किया है | |
| दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव | दमन | 32 | संघ राज्य क्षेत्रों ने कोई डाटा साझा नहीं किया है | |
| दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव | दीव | 17 | संघ राज्य क्षेत्रों ने कोई डाटा साझा नहीं किया है | |
| **कुल** | | **496676** | **401387** | **344502** |

ii. **अनुसूचित जातियों एवं अन्यों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना**

| राज्य का नाम | जिले का नाम | वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान लाभार्थियों की संख्या | वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लाभार्थियों की संख्या | वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | आगरमालवा | इस विभाग में उपलब्ध नहीं है | 1216 | 1171 |
| | अलीराजपुर | | 226 | 170 |
| | अनुपपुर | | 1218 | 1108 |
| | अशोकनगर | | 1968 | 1864 |
| | बालाघाट | | 1874 | 1565 |
| | बड़वानी | | 958 | 888 |
| | बेतुल | | 2636 | 2429 |
| | भिंड | | 3750 | 3094 |
| | भोपाल | | 1753 | 1536 |
| | बुरहानपुर | | 1045 | 1025 |
| | छतरपुर | | 6867 | 6489 |
| | छिंदवाड़ा | | 3835 | 3425 |
| | दमोह | | 4014 | 3399 |
| | दतिया | | 2348 | 1990 |
| | देवास | | 3531 | 2945 |
| | धार | | 2231 | 1927 |
| | डिंडोरी | | 1121 | 1085 |
| | गुना | | 1891 | 1768 |
| | ग्वालियर | | 4606 | 4042 |
| | हरदा | | 1414 | 1138 |
| | होशंगाबाद | | 2885 | 2693 |
| | इंदौर | | 4187 | 3887 |
| | जबलपुर | | 3467 | 3093 |
| | झाबुआ | | 256 | 247 |
| | कटनी | | 2004 | 1843 |
| | खंडवा (पूर्वी निमाड़) | | 2404 | 2122 |
| | खरगोन | | 2970 | 2742 |
| | मंडला | | 961 | 958 |
| | मन्दसौर | | 3680 | 3201 |
| | मुरैना | | 4852 | 4174 |
| | नरसिंहपुर | | 3590 | 3194 |
| | नीमच | | 1561 | 1352 |
| | निवाड़ी | | 12 | 7 |
| | पन्ना | | 3479 | 3342 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | रायसेन | | 2204 | 1872 |
| | राजगढ़ | | 2542 | 1736 |
| | रतलाम | | 2118 | 2007 |
| | रीवा | | 4452 | 4241 |
| | सागर | | 7484 | 5693 |
| | सतना | | 4568 | 3804 |
| | सीहोर | | 4632 | 3937 |
| | सिवनी | | 2379 | 2091 |
| | शाहडोल | | 1548 | 1387 |
| | शाजापुर | | 2839 | 2274 |
| | श्योपुर | | 1114 | 887 |
| | शिवपुरी | | 3347 | 3001 |
| | सीधी | | 2155 | 2066 |
| | सिंगरौली | | 1287 | 1062 |
| | टीकमगढ़ | | 4063 | 3559 |
| | उज्जैन | | 4770 | 3946 |
| | उमरिया | | 986 | 821 |
| | विदिशा | | 3436 | 2659 |
| दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव | दादरा और नागर हवेली | | 7 | 8 |
| | दमन | | 10 | 2 |
| | दीव | | 2 | 4 |
| **कुल** | | | **140753** | **122970** |

iii. **ओबीसी और अन्यों के लिए वाइब्रेंट इंडिया हेतु पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना (पीएम-यशस्वी)**

| **स्कीम** | **मध्य प्रदेश** | | | **दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति | 0 | 0 | 0 | 1375 | 341 | 0 |
| ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए मैट्रिकोतर छात्रवृत्ति | 0.77 लाख | 0.76 लाख | 0 | 479 | 341 | 597 |
| ओबीसी/ईबीसी/डीएनटी छात्रों के लिए स्कूलों में टॉप क्लास शिक्षा | योजना वर्ष 2022-23 से लागू की जा रही है | 191 | 622 | योजना वर्ष 2022-23 से लागू की जा रही है | 0 | 0 |
| ओबीसी/ईबीसी/डीएनटी छात्रों के लिए कॉलेजों में टॉप क्लास शिक्षा | योजना वर्ष 2023-24 से लागू की जा रही है | | 232 | योजना वर्ष 2023-24 से लागू की जा रही है | | 1 |

iv. ओबीसी और अन्य के लिए यंग अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (श्रेयस)

| **स्कीम** | **मध्य प्रदेश** | | | **दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| ओबीसी उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप | 53 | 48 | 61 | 0 | 0 | 1 |
| ओबीसी/ईबीसी के छात्रों हेतु ओवरसीज अध्ययन के लिए शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी की डॉ. अंबेडकर केंद्रीय क्षेत्र की योजना | 115 | 81 | 51 | 2 | 1 | 1 |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना होने के कारण, राज्यवार एवं जिलावार निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं।

v. **यंग अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (श्रेयस-एससी)**

अनुसूचित जातियों के लिए टॉप क्लास शिक्षा (टीसीएस):

| वित्तीय वर्ष | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 2021-22 | 4544 |
| 2022-23 | 4171 |
| 2023-24 | 3969 |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना होने के कारण, राज्यवार एवं जिलावार निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं।

अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति (एनओएस)

| वित्तीय वर्ष | एनओएस का लाभ उठाने वाले छात्रों की संख्या |
|---|---|
| 2021-22 | 98 |
| 2022-23 | 98 |
| 2023-24 | 113 |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना होने के कारण, राज्यवार एवं जिलावार निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं।

अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप:

| वित्तीय वर्ष | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 2021-22 | 3706 |
| 2022-23 | 3608 |
| 2023-24 | 4166 |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना होने के कारण, राज्यवार एवं जिलावार निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं।

एससी और ओबीसी छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना:

| वित्तीय वर्ष | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 2021-22 | 1761 |
| 2022-23 | 558 |
| 2023-24 | 223 |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना होने के कारण, राज्यवार एवं जिलावार निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं।

*******